### बाल गोपाल की झांकियों से मथुरा-वृंदावन बनी शाला

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम सम्पन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**



जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में शुक्रवार श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का सजीव चित्रण किया गया। विद्यालय परिसर में श्री कृष्ण-राधिका के स्वरूप धारण कर बड़ी संख्या में नव निहाल पहुंचे। अभिभावकों ने इन्हें श्री कृष्ण-राधिका स्वरूप में सजाकर विद्यालय लाए। सभा कक्ष मथुरा-वृन्दावन के रूप में दिखाई दे रही था ।

यहां भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं को सजीवता पूर्ण प्रदर्शित किया गया। कहीं राधा-कृष्ण गोपियों के साथ रास रचाते हुए दिखाई दे रहे थे, वहीं श्री कृष्ण जन्म पश्चात टोकरी में वासुदेव जी द्वारा यमुना से वृन्दावन लाना एवं माता यशोदा के पास छोड़ना सजीवता पूर्वक ''नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की'' गीत के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम एवं विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष अपने संबोधन श्रीमती रश्मि साहू ने श्री कृष्ण के जीवन से शिक्षा प्राप्त करने की सीख देने। कार्यक्रम का समापन महाआरती, प्रसादी के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रिया गाडरे ने किया। श्रीमद भगवत गीता के उपदेशों को जीवन में उतारने का कहा। इस अवसर पर समिति के सचिव विनय डोंगरे, चाणक्य राखड़े सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक झांकियां देखने पहुंचे।

## नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एनएसयूआई ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**




एनएसयूआई के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और छात्रों ने प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराने, पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का विरोध करने तथा शैक्षणिक संस्थानों के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। जिला अध्यक्ष बनने के बाद रोहन सिंह ठाकुर का यह पहला सार्वजनिक आंदोलन था।

प्रदर्शन में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं की मौजूदगी को संगठन में नई ऊर्जा और नए नेतृत्व के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े शिक्षा व्यवस्था, मूलभूत संसाधन, छात्रवृत्ति, परीक्षा और प्रवेश संबंधी कई मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। इन समस्याओं को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई लगातार आवाज उठाते रहे हैं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रोहन सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। छात्र अपनी समस्याओं को लेकर अकेले नहीं हैं। एनएसयूआई उनकी आवाज बनकर सड़क से लेकर प्रशासन तक संघर्ष करेगी और छात्रहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

## एनआरसी सैलाना में कलेक्टर श्री कटेसरिया ने आठ माह की जया को गोद में लेकर किया दुलार



**पीपुल्स प्रवक्ता रतलाम।**

कलेक्टर अजय कटेसरिया ने सैलाना प्रवास के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं उपचार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और केंद्र में उपलब्ध विभिन्न अभिलेखों एवं रिपोर्ट्स का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कटेसरिया की नजर एनआरसी में भर्ती आठ माह की नन्ही बच्ची जया पर पड़ी। बच्ची की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने उसके प्रति आत्मीयता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उसे अपनी गोद में उठा लिया। उन्होंने लगभग 15 से 20 मिनट तक बच्ची जया को अपने हाथों में लेकर दुलार किया और स्नेहपूर्वक उसके साथ समय बिताया। कलेक्टर के इस आत्मीय व्यवहार ने एनआरसी के माहौल को भावुक कर दिया। जया को कलेक्टर ने बेहद स्नेह और अपनत्व के साथ संभाला।

उन्होंने बच्ची की स्थिति के बारे में उसके परिजनों एवं चिकित्सकीय स्टाफ से जानकारी ली। कुछ देर बाद जब कलेक्टर ने बच्ची को उसके परिजन को वापस सौंपा, तो बच्ची भी कलेक्टर की गोद से जाने के बाद रोने लगी। इस दौरान कलेक्टर ने बच्ची को फिर स्नेहपूर्वक शांत कराया। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए भावुक कर देने वाला रहा। कलेक्टर का बच्चों के प्रति यह आत्मीय व्यवहार प्रशासनिक निरीक्षण से आगे बढ़कर मानवीय संवेदनशीलता और बच्चों के प्रति अपनत्व का भाव दर्शाता नजर आया।

**अति कुपोषित बच्ची की रिपोर्ट का किया विस्तृत परीक्षण:** कलेक्टर कटेसरिया ने जया के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उसकी उपचार संबंधी पूरी रिपोर्ट का अवलोकन किया। उन्होंने बच्ची के भर्ती होने से लेकर अब तक किए गए उपचार, स्वास्थ्य जांच, पोषण आहार तथा स्वास्थ्य में हुए सुधार की जानकारी ली। उन्होंने एनआरसी में उपलब्ध बच्ची की सभी संबंधित रिपोर्ट्स एवं दस्तावेजों का बारीकी से परीक्षण किया तथा चिकित्सकों से उसकी वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने बच्ची के उपचार एवं पोषण की स्थिति को देखते हुए चिकित्सक एवं संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर कटेसरिया ने एनआरसी में भर्ती अन्य बच्चों की स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी रिपोर्ट्स का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक बच्चे के उपचार, पोषण आहार, वजन में वृद्धि तथा स्वास्थ्य सुधार की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एनआरसी के अभिलेखों एवं दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए अधिकारियों से कहा कि केंद्र में भर्ती प्रत्येक बच्चे के उपचार एवं पोषण पर विशेष निगरानी रखी जाए। बच्चों को निर्धारित मापदंड के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ ही उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए।

**जया के प्रति कलेक्टर का स्नेह बना भावुक क्षण:** निरीक्षण के दौरान आठ माह की जया को गोद में लेकर कलेक्टर कटेसरिया द्वारा जिस आत्मीयता से उसे दुलार किया गया, वह मौके पर मौजूद लोगों के लिए भावुक क्षण रहा। एक ओर जहां कलेक्टर ने बच्ची के स्वास्थ्य की चिकित्सकीय रिपोर्ट का गंभीरता से परीक्षण किया, वहीं दूसरी ओर नन्ही बच्ची को अपनेपन और स्नेह के साथ समय देकर यह संदेश भी दिया कि कुपोषण से लड़ाई केवल आंकड़ों और रिपोर्टों की नहीं, बल्कि हर बच्चे के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य से जुड़ी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनआरसी में भर्ती बच्चों को बेहतर उपचार, पौष्टिक आहार और आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रहे तथा प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ बनाकर उसके परिवार तक पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

### जन-विश्वास अभियान के तहत 05 सितंबर को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि में पुनः संशोधन

**पीपुल्स प्रवक्ता छिन्दवाड़ा।**

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जन-समस्या निवारण शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए रोस्टर जारी किया गया है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा जारी आदेशानुसार शुक्रवार 04 सितंबर को जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत 05 सितंबर 2026 को जिले के विकासखंड छिन्दवाड़ा के ग्राम सुसरई में जन-समस्या निवारण शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। अब यह जन-समस्या निवारण शिविर एवं जनसंवाद कार्यक्रम 11 सितंबर 2026 शुक्रवार को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के लिए निर्धारित स्थल एवं नोडल अधिकारी पूर्व में जारी आदेश के अनुसार यथावत रहेंगे।

## धरमटेकड़ी वार्ड क्रमांक 10 में 5 हजार रीसायकल पंचतत्व सीडबॉल का प्रक्षेपण

**पीपुल्स प्रवक्ता छिन्दवाड़ा।**



मध्यप्रदेश जन अभियान के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशानुसार धरमटेकड़ी वार्ड क्रमांक 10 में आज 5,000 रीसायकल पंचतत्व सीडबॉल का प्रक्षेपण किया गया।

यह कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 7 की प्रेरणा नगर विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें मॉडल फ्यूचर संस्था का विशेष सहयोग रहा। सीडबॉल प्रक्षेपण मॉडल फ्यूचर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आयशा लोधी के नेतृत्व में नवांकुर संस्था अनमोल सृजन फाउंडेशन एवं सोनारे हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मॉडल फ्यूचर से मोहम्मद इस्माइल कुरैशी, श्री शैलेंद्र उजवने, श्री पुरुषोत्तम एवं मोहम्मद अमीन, सोनारे हॉस्पिटल से डॉ. सोनारे एवं उनकी टीम तथा अनमोल सृजन फाउंडेशन से श्री ललित साहू, श्रीमती वैष्णवी, श्रीमती दामिनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य रीसायकल सामग्री से निर्मित सीडबॉल के माध्यम से हरियाली बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

# ज्योतिष सम्राट पंडित राम नारायण पटेरिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब, वक्ताओं ने कहा-पटेरिया जी का निधन बीना और बुंदेलखंड के लिए अपूरणीय क्षति

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



संपूर्ण बुंदेलखंड में ज्योतिष एवं कर्मकांड के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले विद्वान ज्योतिष सम्राट पंडित राम नारायण पटेरिया की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बीबीएम कॉलेज के सभागार में किया गया। परमार्थ सेवा संगठन, बीना के सहयोग से आयोजित सभा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दिवंगत विद्वान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

**चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन:** कार्यक्रम की शुरुआत पंडित राम नारायण पटेरिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने कुछ क्षण मौन रहकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण किया।

**दिव्य आत्माएं समाज को सही मार्ग दिखाती हैं:** धर्माधिकारी पंडित दशरथ लाल पुरोहित ने कहा कि कुछ दिव्य आत्माएं ऐसी होती हैं, जो मानव जीवन में आकर जनमानस को सही मार्ग दिखाने का कार्य करती हैं। पंडित पटेरिया का जीवन भी इसी भावना से प्रेरित रहा और उन्होंने अपने ज्ञान से असंख्य लोगों का मार्गदर्शन किया।

**ज्योतिष का कार्य उनके लिए साधना था:** सेवानिवृत्त कैप्टन महेशदत्त तिवारी ने कहा कि पंडित पटेरिया ने ज्योतिष के कार्य को केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि एक साधना के रूप में अपनाया। वहीं मुरारी गोस्वामी ने उनके व्यक्तित्व को पुरुषार्थ, कर्मठता और कर्तव्य परायणता के साथ विनम्रता से परिपूर्ण बताया।

**हर वर्ग के लोगों के प्रिय थे पटेरिया जी:** आर.के. जैन ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोग पंडित जी से आत्मीयता रखते थे और उन्हें बेहद सम्मान देते थे। डॉ. रामबाबू तिवारी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पटेरिया जी का जीवन अत्यंत सरल, सहज और सहयोगी रहा।

**समाजसेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य:** एल.एन. पटेरिया दाऊ ने कहा कि व्यक्ति के जाने के बाद उसके अच्छे कार्य ही समाज में उसकी पहचान बनकर जीवित रहते हैं। पंडित पटेरिया ने जीवनभर समाजसेवा और लोगों के मार्गदर्शन को प्राथमिकता दी, जिसके कारण उनकी स्मृतियां सदैव लोगों के बीच बनी रहेंगी। विप्र समाज के अध्यक्ष सुनील सारोठिया ने कहा कि दूर-दूर से लोग अपनी समस्याओं का समाधान जानने के लिए पंडित पटेरिया के पास आते थे और संतुष्ट होकर लौटते थे। उन्होंने अपने ज्ञान और सरल व्यवहार से लोगों के बीच विशेष स्थान बनाया था।

**पंचांग निर्माण में भी दिया महत्वपूर्ण योगदान:** रविशंकर अवस्थी ने कहा कि पंडित पटेरिया द्वारा पंचांग का निर्माण ज्योतिष क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। प्रोफेसर डालचंद पटेल ने कहा कि वे बचपन से ही पंडित जी के पास ज्योतिष संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन लेने जाते रहे हैं। उनके निधन से ज्ञान की एक महत्वपूर्ण कड़ी का अवसान हुआ है।

**पुण्य कार्यों के लिए समर्पित शिखर ढह गया:** महेश नायक ने भावुक होकर कहा कि पुण्य कार्यों के लिए समर्पित एक ऐसा शिखर आज ढह गया, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस होगी। देवेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पंडित जी का निधन बीना के लिए बहुत बड़ी क्षति है। घनश्याम साहू ने कहा कि उनके निधन से सभी लोग मन से बेहद दुखी हैं। मोतीलाल अहिरवार ने उन्हें सभी का प्रिय बताते हुए कहा कि पंडित जी समाज के हर वर्ग के लोगों का सम्मान करते थे और स्वयं भी सभी से आत्मीय व्यवहार रखते थे।

**वक्ताओं ने साझा कीं पटेरिया जी से जुड़ी स्मृतियां:** श्रद्धांजलि सभा में शशि मोहन तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी पंडित राम नारायण पटेरिया के जीवन से जुड़ी स्मृतियां साझा कीं। वक्ताओं ने कहा कि उनका सरल व्यक्तित्व, ज्योतिष का गहन ज्ञान, कर्मकांड में विशेषज्ञता और समाज के प्रति सेवा भावना उन्हें विशिष्ट बनाती थी। सभा को आर.के. जैन, डॉ. एल.एन. दुबे, एल्डरमैन संतोष कुशवाहा, शिवजी पटेरिया, एल्डरमैन पवन गुलाटी, अवतार सिंह अरोरा, बृजमोहन शास्त्री, प्रेम नारायण शर्मा, सौरभ पटेरिया, राजीव रिछारिया, राम शर्मा, उमेश शर्मा, एम.पी. अहिरवार, संजय सहित अनेक लोगों ने संबोधित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**बड़ी संख्या में लोग रहे उपस्थित:** श्रद्धांजलि सभा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने पंडित राम नारायण पटेरिया के व्यक्तित्व और समाज के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम का संचालन राम शर्मा ने किया। अंत में उमेश शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अपर कलेक्टर ने जेल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



**पीपुल्स प्रवक्ता रतलाम।**

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री रावत द्वारा मुख्य द्वार की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जेल के अन्दर बंदियों की माननीय न्यायालयों के माध्यम से होने वाले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पेशी हेतु निर्मित वी.सी. पेशी की जानकारी प्राप्त की। बंदियों के इनकमिंग टेलीफोन बूथ देखा तथा बंदियों को मुलाक़ात आदि में दी जाने वाली सुविधा देखी तथा सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया। सर्किल जेल रतलाम के जेल अस्पताल कक्ष एवं नशामुक्ति वार्ड का भ्रमण कर बीमार बंदियों से उनकी बीमारी एवं किये जा रहे उपचार के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। जेल के अस्पताल में बंदियों को दी जाने वाली औषधियाँ चेक की। जेल स्कूल व लाइब्रेरी देखी गई। बंदियों को दी जाने वाली धार्मिक पुस्तकों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। पुरुष बंदी वार्ड एवं महिला वार्ड का भ्रमण कर बंदियों से चर्चा की गई। सिलाई प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। बंदियों के भोजन एवं पेयजल व्यवस्था देखी एवं नवीन जेल निर्माण के सम्बन्ध में जेल अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की। जेल अधीक्षक ने जेल स्टॉफ की कमी की समस्या होना बताया ।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री रावत द्वारा सर्किल जेल रतलाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। जेल में चल रहे रचनात्मक कार्यों की सराहना की गई।

### लता सकवार बनीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

# सागर जिले से मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बीना के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**राजेश बबेले**

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति में नई नियुक्तियां की गई हैं। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा जारी सूची में सागर जिले के बीना की श्रीमती लता सकवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से बीना सहित सागर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

**प्रदेश नेतृत्व की सहमति से मिली जिम्मेदारी:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जारी नियुक्ति सूची में लता सकवार को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान दिया गया है। सागर जिले से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**बीना सहित जिले में कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी:** लता सकवार की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्ति को भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन में उनके सक्रिय योगदान और कार्यक्षमता का सम्मान बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश संगठन में बीना की प्रतिनिधित्वकारी भूमिका मजबूत होने के साथ ही क्षेत्र की आवाज को भी संगठन के उच्च स्तर तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

**पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का भरोसा:** नई जिम्मेदारी मिलने पर लता सकवार ने भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताते हुए दायित्व सौंपा है, वह उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी। संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगी।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई:** लता सकवार की नियुक्ति पर बीना सहित सागर जिले के भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ संगठन को प्रदेश स्तर पर मिलेगा।